<u>अनुस्मारक / शीर्ष प्राथमिकता</u>

<u>संख्या–3092 / आठ–5–21–44विविध / 2011टीसी</u>

प्रेषक,

रणविजय सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं
विकास परिषद्, लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश। **(फिरो0–शिको0, मुजफ्फरनगर, रायबरेली एवं अलीगढ़ विकास प्राधिकरण को छोड़कर।)**

3. **अध्यक्ष,**
समस्त विशेष क्षेत्र विकास
प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

4. **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,**
नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश।

5. **निदेशक,**
नगर भूमि सीमारोपण विभाग,
उत्तर प्रदेश।

6. **निदेशक,**
आवास बन्धु,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक 17 दिसम्बर, 2021**

विषयः–आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित कोर्ट केस के अनुश्रवण हेतु विकसित सॉफ्टवेयर के कियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2946 / आठ–21–44विविध / 2011टीसी, दिनांक 25.11.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित कोर्ट केस के मानीटरिंग एवं अनुश्रवण हेतु विकसित साफ्टवेयर में समस्त अभिकरणों के स्तर पर डाटा फीडिंग का कार्य किये जाने हेतु सभी अभिकरणों द्वारा नोडल अधिकारी नामित कर नामित नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु उक्त सूचना अभी तक शासन में अप्राप्त है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने कार्यालय स्तर पर उक्त सॉफ्टवेयर के क्रियान्वयन एवं डाटा फीडिंग हेतु एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उक्त नोडल अधिकारी का नाम, पदनाम, मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. शासन को **तत्काल** उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(रणविजय सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या–3092 (1) / आठ–5–21–44विविध / 2011टीसी तद्दिनांकः</u>

प्रतिलिपि निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(रणविजय सिंह)
विशेष सचिव।

Y- S K Sir GO 2021